# बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका)
# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

JEEVIKA

बिहार सरकार

# क्षेत्रीय समन्वयक पद के लिए 1100 रिक्तियाँ

**''जीविका''** बिहार सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु एक महत्त्वाकांक्षी प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेषकर गरीब तबके के लोगों को उनके जीविकोपार्जन के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराना है। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति द्वारा ''जीविका'' को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार के 38 जिलों के कुल 534 प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से विस्तारित किया जाना है। दस साल की अवधि में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1.25 करोड़ लक्षित ग्रामीण परिवारों को लगभग 10 लाख स्वयं सहायता समूहों, 65000 ग्राम संगठनों एवं 1600 संकुल स्तरीय परिसंघों में संगठित कर विभिन्न माध्यमों से उनकी आजीविका को सुदृढ़ करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए क्षेत्रीय समन्वयक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**क्षेत्रीय समन्वयक पद हेतु आवेदन करने की अर्हता निम्नानुसार हैः–**

**इस पद हेतु स्नातक या उससे अधिक की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी, जिन्हें स्वयं सहायता समूह अथवा गरीबों की आजीविका बढ़ाने के क्षेत्र में कम से कम दो साल का पूर्णकालिक अनुभव हो, आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जिन्होंने किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त की हो वे भी आवेदन कर सकते हैं।**
**उपर्युक्त पद के लिए बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति मान्य होगी। इस पद के लिए दिनांक 21.11.2012 तक न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु पुरुष–अनारक्षित 37 वर्ष, पिछड़ा/अति पिछड़ा–40 वर्ष, महिला–अनारक्षित/अति पिछड़ा–40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरुष/महिला) के लिए 42 वर्ष है।**

**कार्य स्वरूपः–** क्षेत्रीय समन्वयकों को जीविका कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर सामुदायिक संगठनों के क्षमतावर्द्धन, बैंक के साथ लिंकेज एवं गरीबों हेतु जीविकोपार्जन गतिविधियों के विस्तार संबंधी कार्यों का संचालन, ग्राम संगठनों/संकुल स्तरीय परिसंघों के स्वप्रबंधन व संचालन हेतु तैयार करने एवं लक्षित वर्ग के निर्धन परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने एवं विभिन्न माध्यमों से उनके आजीविका संवर्धन एवं विकास का कार्य करना होगा। उन्हें ग्रामीण परिवेश में रहकर प्रखंड इकाई के समन्वय से कार्य सम्पादित करना होगा। इस पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों को कुल मासिक वेतन (सभी भत्ते सहित) 11269 रुपये देय होगा (पुनरीक्षण संभावित)। इसके अलावा कार्य उपलब्धि/मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक प्रोत्साहन वेतन (मूल वार्षिक वेतन का 0–15%), वार्षिक वेतन वृद्धि 5%, चिकित्सा व दुर्घटना बीमा एवं अन्य लाभ समिति के प्रावधानानुसार लागू होगा।

## आवेदन कैसे करें (आवश्यक निर्देश):–

1. अभ्यर्थी **http://jobs.brlps.in** पर पंजीकरण के पश्चात् सिर्फ ऑनलाइन **(Online)** आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि website पर दिए गए निर्देशानुसार ही आवेदन करें।
2. आवेदक ऑनलाइन **(Online)** आवेदन करने के पश्चात् उसे मुद्रित कर नीचे दिए गए निर्देशानुसार निर्धारित पते, तिथि एवं समय तक भेजना सुनिश्चित करें।
3. आवेदन पत्र के दो भाग **अ एवं ब (Part – A & B)** हैं। अभ्यर्थी निर्देशानुसार आवेदन के **भाग 'अ' (Part 'A')** की मूल प्रति एवं **भाग 'ब' (Part 'B')** की छायाप्रति अपनी उच्चतम शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र किसी राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित करा कर अपनी नवीनतम रंगीन तस्वीर के साथ **TMI Network, Career Center, PG Road, SECUNDERABAD- 500003** के **पते पर दिनांक 21.11.2012 सायं 5.00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।**
4. अभ्यर्थी सुविधानुसार साधारण डाक, स्पीड पोस्ट या कुरियर द्वारा आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।
5. आवेदन का लिफाफा पूर्ण रुप से सील तथा इसके ऊपर स्पष्ट व बड़े अक्षरों में **आवेदित पद का नाम, उसका कोड, आवेदन संख्या**, **कोटि (UR, EBC, BC, SC, ST) एवं पता** अवश्य अंकित/लिखित होना चाहिए।
6. अपूर्ण आवेदन पत्र, अस्वच्छ व अस्पष्ट तस्वीर अथवा आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति नहीं पाए जाने एवं विलम्ब से पहुंचे आवेदन की दशा में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र नहीं पाये जाने की दशा में अभ्यर्थी अनारक्षित कोटि के समझे जायेंगे।
7. आवेदक अपने आवेदन पत्र की स्थिति की जानकारी वेबसाइट **http://jobs.brlps.in** अथवा दूरभाष संख्या – **040–66588171** पर किसी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10.00 से अपराह्न 6.00 बजे के बीच प्राप्त कर सकते हैं।
8. आवश्यक पात्रता रखने वाले आवेदक वेबसाइट में दिए गए निर्देशानुसार ही आवेदन करें। किसी भी चरण में आवेदक द्वारा दिए गए तथ्य/तथ्यों के गलत पाये जाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

## चयन प्रक्रियाः–

1. चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों की जाँच उनके द्वारा भरे गये विवरण तथा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा एवं योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु बुलाया जाएगा।
2. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, गणित एवं तार्किक योग्यता से संबधित विषयों पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायँगे।
3. इस लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अगली चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 2 दिनों के लिए ग्रामीण परिवेश में निर्धारित प्रक्रिया से गुजर कर अपनी योग्यता साबित करनी होगी।
4. चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संम्पन्न करने एवं निर्धारित मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरने के बाद अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अनुबंध के आधार पर क्षेत्रीय समन्वयक पद पर नियुक्त किया जाएगा।
5. उपर्युक्त रिक्तियों पर चयनित अभ्यर्थियों का योगदान आवश्यकतानुसार विभिन्न चरणों में लिया जायेगा।
6. आवेदकों को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई यात्रा खर्च/भत्ता देय नहीं होगा।
7. **उपर्युक्त पदों के लिए बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति अनुमान्य होगी।**

Sutra Consulting –TMI (Consortium) एक स्वतंत्र प्रोफेशनल एजेंसी है, जिसे जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति) द्वारा संचालित परियोजनाओं के विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु नियुक्त किया गया है।

**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति